पत्रांक 15/ए 3-45/2022
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत शरण
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक- 2024

विषयः- अवधूत भगवान राम महाविद्यालय, अवधूत नगर, भटाढ़ी, सासाराम, रोहतास का संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-C/83/Estab/24 दिनांक 12.01.2024 द्वारा अवधूत भगवान राम महाविद्यालय, अवधूत नगर, भटाढ़ी, सासाराम, रोहतास में स्नातक विज्ञान संकाय में सत्र 2024-27 से स्थायी संबंधन तथा वाणिज्य संकाय के पास/प्रतिष्ठा स्तर के विषयों में शैक्षणिक सत्र 2024-27 के लिए अस्थायी संबंधन हेतु अनुशंसा प्राप्त हुआ है। जिसे समीक्षोपरांत राज्य सरकार द्वारा बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2)(d) के आलोक में राज्यपाल सचिवालय के पत्रांक-1098 दिनांक 19.04.1986 यथा संशोधित पत्रांक-3196 दिनांक 14.12.2017 एवं पत्रांक-3074 दिनांक 25.10.2019 में निहित प्रावधानो के अधीन अवधूत भगवान राम महाविद्यालय, अवधूत नगर, भटाढ़ी, सासाराम, रोहतास को स्नातक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में निम्न प्रकार संबंधन की स्वीकृति प्रदान की जाती है :-

| क्र० | संकाय | विषय | संबंधन की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञान (पास/प्रतिष्ठा स्तर) | भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं गणित | सत्र 2024-27 से स्थायी संबंधन |
| 2. | वाणिज्य (पास/प्रतिष्ठा स्तर) | वाणिज्य संकाय के सभी अनिवार्य विषयों में | दो शैक्षणिक सत्र 2024-27 एवं 2025-28 के लिए अस्थायी संबंधन |

उक्त निर्णय पर माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/-
(अजीत शरण)
सरकार के उप सचिव

Final Affiliation 2024/S.K



CamScanner

ज्ञापांक–15 / ए 3–45 / 2022 – 3682 पटना, दिनांक 02.08.2024

प्रतिलिपिः–निदेशक (उच्च शिक्षा) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / प्राचार्य, अवधूत भगवान राम महाविद्यालय, अवधूत नगर, भटाढ़ी, सासाराम, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. आई0 टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/8/2024

सरकार के उप सचिव



CamScanner